प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - 1

वि.स. प्र.क्र. - परिशिष्ट 'चालीस'

[29/7/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 1143]

## राज्य कृषक आयोग

## कार्य प्रकिया / उद्देश्य

राज्य शासन ने खेती को लाभकारी तथा कृषक समुदाय के जीवनस्तर को बेहतर बनाने हेतु कृषि एवं संबंद्व क्षेत्रों के विकास के लिए उपायों की अनुशंसा करने के लिए **राज्य कृषक आयोग** का गठन किया हैं । आयोग को संदर्भित विषय निम्नानुसार हैं :–

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में कृषि एवं सम्बद्व क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन कर खेती को लाभकारी एवं भरोसेमंद बनाने के लिए सुझाव ।
- प्रमुख खरीफ, रबी एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन/उत्पादकता में
- विद्यमान क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने तथा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सुझाव ।
- कृषि आदान के महत्वपूर्ण घटकों, जैसे उर्वरक, विशेषकर जैविक खाद, बीज साख सुविधा, कृषि विस्तार कार्यकम आदि की वर्तमान व्यवस्था को सरल, किसानोन्मुखी बनाने के संबंध में सुझाव ।
- खेती के विकास के लिए कम लागत की उपयोगी एवं प्रभावी तकनीक के विकास तथा कृषि जिन्सों की गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उपाय सुझाना ।
- सूखा एवं अल्प वर्षा से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में शुष्क खेती के विकास, भूमि एवं जल संरक्षण के लिए उपाय सुझाना तथा ऐसे क्षेत्रों में लागू विभिन्न विकास मूलक कार्यकमों को समेकित कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में सुझाव ।
- कृषि उत्पादों के भंडारण एवं मुल्य संर्वद्धन तथा वर्तमान कृषि विपणन व्यवस्था एवं कृषि विपणन अधोसंरचना के विस्तार आदि को विकासोन्मुखी बनाने के लिए सुझाव ।
- कृषि साख के अंतर्गत कृषि ॠणों के संबंध में वर्तमान व्यवस्था का अध्ययन कर इसे सरल एवं किसानोन्मुखी बनाने के संबंध में सुझाव ।
- कृषि में महिलाओं की सकिय भागीदारी को ध्यान में रखते हुए ज्ञान, कौशल उन्नयन, प्रौद्योगिकीय एवं विपणन सशक्तिकरण के लिए उपायों की सिफारिश ।
- शिक्षित युवाओं को खेती में बनाये रखने व आकर्षित करने के लिए उपाय सुझाना और इस प्रयोजनार्थ मिश्रित खेती को बढ़ावा देने एवं इसके संदर्भ में फसल उत्पांदन, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रौद्योगकीय उन्नयन हेतु पद्वतियों की सिफारिश ।

निरन्तर –2–

- फसल बीमा का समुचित लाभ किसानों को प्राप्त हो सके, इस संबंध में सुझाव ।
- और ऐसे कोई विषय जो इस संबंध में प्रासंगिक हो या राज्य शासन द्वारा आयोग को भविष्य में संदर्भित किये जाने वाले हों ।

परि-1 पृ. 1 से 2 तक

...भाग अधिकारी
...ध्य प्रदेश शासन,
...रीण कल्याण तथा कृषि विकास विभाग,
मंत्रालय, भोपाल

## विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1143 अतारांकित का परिशिष्ट - दो

| क्रमांक | स्कीम | वर्ष | आवंटन (रूपयें) | व्यय (रूपयें) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9187- राज्य कृषक आयोग मद - 13 | 2011-12 | 1550000 | 1288028 |
| 2 | | 2012-13 | 1001000 | 0 |
| 3 | | 2013-14 | 4392000 | 2153800 |
| 4 | | 2014-15 | 9720000 | 5071724 |
| 5 | | 2015-16 | 9110000 | 4209984 |

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग,
मंत्रालय, भोपाल

http: